हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शुक्रवार, 24 अक्तूबर 2025




# तीन स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार

**नागपुर.**

नागपुर शहर में पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम द्वारा तैयार किये जा रहे ग्यारह स्थानों में से तीन पर नागरिकों के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों का काम पूरा हो गया है। शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग सुविधा उपलब्ध होने से अब पर्यावरण अनुकूल वाहन चलाना संभव हो सकेगा। इससे शहर में दुपहिया, तिपहिया और चौपहिया ईवी वाहन चलाने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के निर्देशानुसार, सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से शहर में 11 विभिन्न स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इससे नागरिक इन स्थानों पर अपने वाहन चार्ज कर सकेंगे। हाल ही

## > पर्यावरण अनुकूल वाहनों को मिलेगा बढ़ावा



में, अतिरिक्त नगर आयुक्त श्रीमती वैष्णवी बी ने रहाटे चौक पर इन इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण की आधारशिला रखी। इस नए ईवी चार्जिंग स्टेशन से शहर में ईवी वाहन चलाने वाले नागरिक अब अपने वाहनों को तेज़ गति से चार्ज कर सकेंगे। नगर निगम ने ई-वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए यह कदम उठाया है। रिलायंस बीपी इंफ्रा लिमिटेड, मुंबई द्वारा 11 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी कार्यपालक अभियंता राजेंद्र राठौड़ ने दी। वर्तमान में, तीन स्थानों, रहाटे कॉलोनी चौक (पीकेवी स्थल के पास), यशवंत स्टेडियम के पास पत्रकार भवन के पास पार्किंग में और वादी नाका अमरावती रोड पर ईवी चार्जिंग स्टेशनों का कार्य पूरा हो चुका है। शेष आठ स्थानों पर भी ईवी चार्जिंग स्टेशनों का कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

### अन्य स्थान जहां ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं

जयताला बाजार चौक (ऑरेंज स्ट्रीट), रहाटे कॉलोनी चौक (पीकेवी स्थल के पास), दयानंद पार्क, पुलिस मोटर परिवहन अनुभाग, काटोल रोड, फुटाला रोड पुलिस चौकी के पास, बुधवारी बाजार, सक्करदरा पानी की टंकी के पास, शांति नगर मेन रोड, पानी की टंकी के पास, अंजुमन कॉलेज के पीछे, मंगलवार कॉम्प्लेक्स, तुली एम्पायर होटल की पार्किंग के सामने सेंट्रल बाजार रोड पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं।

# गुरु नानकदेवजी की 556वीं जयंती पर भव्य प्रभातफेरी

## 10 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

**नागपुर.**

जरीपटका स्थित श्री कलगीधर सत्संग मंडल के तत्वावधान में गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को प्रातः 4 बजे से भव्य प्रभातफेरी का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्री जपुजी साहिब के सामूहिक पाठ और अरदास के साथ हुई। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु अमृतवेले में उठकर प्रभु सिमरन में लीन हो गए और पूरे क्षेत्र को भक्ति-भाव से गुंजायमान कर दिया। संयोजक दादा माधवदास ममतानी 'वकील साहिब' ने गुरु नानक देव जी से अरदास कर प्रभातफेरी आरंभ करने की अनुमति ली। प्रभातफेरी में गुरु नानक देव जी की आशीर्वाद मुद्रा वाली मनमोहक झांकी के साथ सभी दस गुरुओं और आदि शक्ति भवानी माता की प्रेरक झांकियां शामिल की गईं।

**अनूठी मिसाल बनी प्रभातफेरी :** आधुनिक युग में सुबह 4 बजे ढोलक की ताल पर हजारों श्रद्धालुओं का अनुशासन में प्रभु सिमरन करना एक अद्भुत दृश्य रहा। भक्तजन — बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग — सभी एक ही सुर और लय में गुरबाणी गायन कर रहे थे। पूरा वातावरण "वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह" के जयघोष से गूंज उठा। जैसे-जैसे प्रभातफेरी आगे बढ़ती गई, श्रद्धालु गुरु नानक देव जी की झांकी के समक्ष नतमस्तक होते गए और फल-फूल एवं प्रसाद अर्पित करते हुए यात्रा में शामिल होते गए।




**55 साल पुरानी परंपरा :** दादा माधवदास ममतानी ने बताया कि यह प्रभातफेरी पिछले 55 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। वर्ष 1970 में मात्र 13 श्रद्धालुओं से शुरू हुआ यह आयोजन आज 10-12 हजार भक्तों की भागीदारी के साथ एक विशाल उत्सव का रूप ले चुका है। इस अनूठे आयोजन की चर्चा अब पूरे भारत में होती है। जिन मार्गों से प्रभातफेरी गुजरी, वहां नागरिकों ने स्वयं आगे बढ़कर सड़क की सफाई, पानी का छिड़काव, पुष्पवर्षा और दीप प्रज्वलन से स्वागत किया। जगह-जगह जल वितरण और रंगोली सजावट की गई। बच्चे आगे-आगे मार्ग को स्वच्छ कर सेवा भावना का परिचय दे रहे थे। लगभग 2000 फुट लंबी प्रभातफेरी एक विशाल जुलूस के रूप में पूरे क्षेत्र से निकली।

**स्टॉल और सुविधाएं :** मंडल की ओर से श्रद्धालुओं के लिए श्री जपुजी साहिब, श्री दसम ग्रंथ, गुरुबाणी मंत्र, गुरुओं के चित्र आदि का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निजी वाहनों द्वारा निःशुल्क परिवहन व्यवस्था भी की गई। जरीपटका सहित इंदोरा रोड, वैशाली नगर, वर्धमान नगर, खामला, हिवरीनगर आदि क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु प्रभातफेरी में शामिल हुए। करीब दो घंटे नगर हरिकीर्तन के बाद प्रभातफेरी मंडल हाल में पहुंची, जहां दादा माधवदास ममतानी ने कीर्तन प्रवचन किया। कार्यक्रम का समापन आनंद साहिब, ग्यारह गुरुओं की वंदना, मां भगवती की स्तुति, अरदास और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। अंत में भक्तजनों को दूध-तोश का वितरण किया गया।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति** इस अवसर पर उत्तर नागपुर के विधायक डॉ. नितिन राऊत, विरेंद्र कुकरेजा, सुरेश जग्यासी, ठाकुर जग्यासी, दौलत कुंगवानी, बंडोपंत टेंभुर्णे, संतोष लोणारे, सतीश पाली सहित कई गणमान्य नागरिकों ने गुरुओं के चित्रों पर माल्यार्पण कर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह प्रभातफेरी न केवल भक्ति और अनुशासन की मिसाल बनी, बल्कि गुरु नानक देव जी के उपदेशों के प्रचार-प्रसार का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करती नजर आई।

# घरेलू विवाद में भाई ने सिर पर मारी ईंट, घायल मेयो अस्पताल में भर्ती

**नागपुर.** शहर के लकड़गंज क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घरेलू हिंसा की घटना सामने आई है। चरणदास बौद्ध विहार के पीछे जुनी मंगळवारी निवासी विक्की किशोर माहुले (30 वर्ष) को उसके ही छोटे भाई नरेश उर्फ नारू किशोर माहुले (28 वर्ष) ने सिर पर सीमेंट की ईंट मारकर घायल कर दिया। सूत्रों के अनुसार, दोनों भाई एक ही मकान में रहते हैं । विक्की नीचे के मंज़िल पर जबकि नरेश अपने परिवार के साथ ऊपर के मंज़िल पर रहता है। घर के मामूली झगड़े उनके बीच आम बात थी। घटना के दिन रात करीब 11 बजे आरोपी नरेश ने अपनी मां से कहा कि "विक्की की पत्नी हमेशा फोन पर बात करती रहती है।" इसी बात पर दोनों भाइयों में कहासुनी बढ़ गई और गुस्से में नरेश ने ईंट उठाकर विक्की के सिर पर दे मारी।

# शिक्षाधिकारी गौतम गेडाम की गिरफ्तारीपूर्व जमानत अर्जी खारिज

**नागपुर.** शालार्थ आईडी घोटाले की जड़ तक पहुंचने में जुटी विशेष जांच टीम (एसआईटी) बुधवार को अचानक सक्रिय हो गई। इस प्रकरण में जिला परिषद के तत्कालीन माध्यमिक शिक्षाधिकारी गौतम गेडाम की प्रत्यक्ष भूमिका होने का आरोप लगाते हुए एक शिक्षक ने नई लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत की भनक लगते ही गेडाम ने सत्र न्यायालय में अटकपूर्व जमानत के लिए आवेदन किया, लेकिन न्यायालय ने उनका यह आवेदन खारिज कर दिया। इस फैसले के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। अब कुछ और अधिकारियों और कर्मचारियों की गिरफ्तारी की संभावना तेज हो गई है। दीपावली के बाद " गिरफ्तारियों की आतिशबाज़ी" शुरू होने की चर्चा विभागीय गलियारों में जोर पकड़ रही है। जानकारी के अनुसार, इस घोटाले के सामने आने के बाद राज्य सरकार ने इसकी तह तक जाने के लिए एक विशेष जांच दल गठित किया था। हालांकि, बीते कुछ दिनों से जांच की गति धीमी पड़ गई थी। अब तक इस मामले में लगभग 50 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से कुछ को जमानत भी मिल चुकी है। शिक्षक हेमंत गांजरे द्वारा की गई ताजा शिकायत में कहा गया है कि गौतम गेडाम, जब प्राथमिक वेतन पथक अधीक्षक थे, तब उन्होंने 100 से अधिक शिक्षकों के फर्जी शालार्थ आईडी बनवाकर वेतन जारी किया। इतना ही नहीं, उन्होंने आधी रात और तड़के के समय शिक्षकों के पहचान पत्र तैयार किए, ऐसा भी शिकायत में स्पष्ट उल्लेख है। शिकायत की जानकारी मिलते ही गेडाम ने गिरफ्तारी पूर्व जमानत की अर्जी दी, लेकिन न्यायालय ने उसे ठुकरा दिया।

जमानत याचिका खारिज होते ही गेडाम के फरार होने की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। "गौतम गेडाम ने गिरफ्तारी पूर्व जमानत के लिए आवेदन किया था, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। फर्जी आईडी मामले में गेडाम की भूमिका संबंधी शिक्षक की लिखित शिकायत अभी मेरे पास नहीं पहुंची है। उसे देखने के बाद ही प्रतिक्रिया दी जा सकेगी।"

# तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नागपुर.** तेज रफ्तार ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर में एक बाइक सवार मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना पांचपावली पुलिस थाना क्षेत्र में घटी। मृतक का नाम दानिश (35), निवासी निज़ामुद्दीन कॉलनी, यशोधरानगर बताया गया है। वह मोहम्मद वाहीद उर्फ मोहम्मद यासीन (42), निवासी सिद्धार्थनगर, टेका के डेकोरेशन व्यवसाय में मजदूर के रूप में कार्यरत था। 22 अक्टूबर की रात लगभग साढ़े 11 बजे दानिश मोहम्मद की बाइक लेकर मेहंदीबाग पुल से रानी दुर्गावती चौक की ओर जा रहा था।

इसी दौरान एमएच 49 बीएम 2873 क्रमांक का ई-रिक्शा तेज रफ्तार में आया और सामने से टक्कर मार दी। ई-रिक्शा चालक की पहचान राजू श्रावण रामटेके (50), निवासी वैशालीनगर के रूप में हुई है। भीषण टक्कर में दानिश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के मालिक मोहम्मद की शिकायत पर पुलिस ने ई-रिक्शा चालक रामटेके के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# फिरौती का एक और नया मामला दर्ज

## बंटी शाहू की मुसीबतें बढ़ीं, बंदूक की नोंक पर मांगी 60 लाख की सुपारी

**नागपुर.**

लोहे के व्यापारी संतोष उर्फ बंटी रामपाल शाहू और उसका साथी राजदीप उर्फ गोल्डी शाहू एक बार फिर पुलिस के शिकंजे में आ गए हैं। दोनों पर बंदूक की नोक पर 60 लाख रुपये की फिरौती मांगने का गंभीर आरोप लगा है। इस प्रकरण में लकड़गंज पुलिस ने नया मामला दर्ज किया है और अब बंटी शाहू को चौकशी के लिए हिरासत में लेने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, बंटी शाहू इस समय सदर पुलिस की कोठड़ी में है। हाल ही में अपराध शाखा ने उसके खिलाफ सुधार प्रन्यास के भूखंड को फर्जी कागजातों के जरिए हड़पने के आरोप में मामला दर्ज किया था। अब इस ताजा प्रकरण से उसकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं।




**क्या है मामला? :** लोहे के व्यापारी चंद्रशेखर शिवशरण प्रजापती (38) ने दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वर्ष 2018 में उन्होंने गोपिचंद तोतवानी से बगडगंज क्षेत्र में भूखंड क्रमांक 44A खरीदा था।

दोनों पक्षों में बिक्री अनुबंध भी हुआ था, लेकिन पंजीकरण से पहले ही वर्ष 2023 में गोपिचंद तोतवानी का निधन हो गया। इसके बाद उनका पुत्र गोलू तोतवानी रजिस्ट्री पूरी करने को तैयार हुआ। इसी दौरान बंटी शाहू की नजर उस भूखंड और वहां स्थित दुकान पर पड़ी। इसके बाद, 25 मई 2020 को बंटी शाहू और गोल्डी शाहू ने प्रजापती को दुकान खाली करने की धमकी दी। उन्होंने कहा "यह भूखंड हमने खरीदा है, अगर इसे रखना है तो 60 लाख रुपये देने होंगे।"

इतना ही नहीं, उन्होंने पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रजापती के अनुसार, जब उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करने की बात कही, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए।

प्रजापती की शिकायत के आधार पर लकड़गंज पुलिस ने बंटी शाहू और राजदीप उर्फ गोल्डी शाहू सहित २ अन्य लोगों के खिलाफ फिरौती, धमकी और अवैध शस्त्र प्रदर्शन के आरोप में नया मामला दर्ज किया है। पुलिस अब अदालत से बंटी शाहू को इस केस में हिरासत में देने की मांग करने की तैयारी कर रही है।

# अंधेरे में लूटपाट करने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार

## हथियार की नोंक पर करते थे वारदात, मोबाइल और बाइक बरामद

**नागपुर.**

रात के अंधेरे में लोगों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले तीन शातिर लुटेरों को वाडी पुलिस ने सोमवार रात रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चार चोरी किए गए मोबाइल फोन और एक हीरो होंडा पैशन मोटरसाइकिल सहित करीब डेढ़ लाख रुपये का माल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम प्रमोद किसन दास (33, निवासी आठवामैल), अभिलाष भानुदास सोमकुंवर (29, निवासी रामजी आंबेडकर नगर) और संजय रामचंद्र डोंगरे (36, निवासी भिवसेन खोरी) बताया जा है। पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे दवलामेटी निवासी श्रीकृष्ण लिंगूअप्पा झारखंडे अंबाझरी आयुध निर्माणी प्रकल्प के पास स्थित कालीमाता मंदिर के जंगल क्षेत्र से गुजर रहे थे। तभी अंधेरे में घात लगाए बैठे इन तीनों आरोपियों ने उन्हें रोककर उनके मोबाइल फोन छीने और मारपीट की। मामले की जांच के दौरान पुलिस को सुराग मिला और छापेमारी में तीनों आरोपी गिरफ्तार हुए। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि उन्होंने अन्य जगहों पर भी ऐसी घटनाएं की हैं या नहीं।

# मिहान में एसडीएएल को 223 एकड़ भूमि का आबंटन, 12,780 करोड़ का निवेश

**नागपुर.**

महाराष्ट्र के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र को नई उंचाई देने के लिए महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (एमएडीसी) ने सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) को मिहान विशेष आर्थिक क्षेत्र (मिहान सेज़) में 223 एकड़ भूमि का अनंतिम आवंटन पत्र सौंपा। यह सम्मान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कंपनी के प्रमुख सत्यनारायण नुवाल को प्रदान किया। यह मिहान में किसी एक कंपनी द्वारा अब तक का सबसे बड़ा निवेश है, जिसकी कुल राशि 12,780 करोड़ रुपये है।




**विशाल निवेश और रोजगार के अवसर :** एसडीएएल द्वारा मिहान में 12,780 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जो राज्य में विश्व स्तरीय रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण परियोजना स्थापित करेगा। इस परियोजना से करीब 6,800 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त, कंपनी मिहान सेज़ में परिवहन विमान और रक्षा उपकरण निर्माण के लिए 660 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे लगभग 875 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेंगे।

**मुख्यमंत्री का उत्साह :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस अवसर पर कहा कि यह परियोजना नागपुर और विदर्भ क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

उन्होंने 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और महाराष्ट्र की औद्योगिक प्रगति के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को मजबूत करने वाली इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कदम से नागपुर को रक्षा उपकरण और गोला-बारूद उद्योग में अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी, जो क्षेत्र के औद्योगिक और रणनीतिक महत्व में बड़ा बदलाव लाएगा। यह परियोजना महाराष्ट्र के औद्योगिक विकास और सुरक्षा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# पटाखे फोड़ने को लेकर 70 वर्षीय महिला को धमकी

## > दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.** घर के सामने पटाखे फोड़ने से रोकने पर दो युवकों ने 70 वर्षीय महिला को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यह घटना जरीपटका पुलिस थाना क्षेत्र में घटी। शिकायतकर्ता महिला का नाम अंतलीला दादुजी बडोले (70), निवासी लुंबिनी नगर, जरीपटका बताया गया है। पुलिस ने डॅडी (18) और रुद्र सुनिल मेश्राम (19), निवासी लुंबिनी नगर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले के अनुसार, 22 अक्टूबर की दोपहर लगभग साढ़े चार बजे अंतलीला बडोले अपने घर में स्थित किराना दुकान में बैठी थीं। तभी आरोपी उनके घर के सामने पटाखा फोड़ने लगे। जब बडोले ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी, तो आरोपी भड़क उठे। उन्होंने गाली-गलौज की और महिला के सिर पर चाकू से वार करने की कोशिश करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के नागरिक मौके पर जमा हुए, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी धमकियां दीं और अपशब्द कहे। इसके बाद अंतलीला बडोले ने जरीपटका पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धमकी, मारपीट और गालीगलौज के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच जारी है।

# नागपुर में फिल्माई गई 'फैमिली 420' बनी आखिरी याद: राजेश शर्मा

**नागपुर/कामठी.**

फिल्म जगत के दिग्गज अभिनेता और 'कॉमेडी किंग' गोवर्धन असरानी के निधन से उनके प्रशंसक और नागपुर शहर गमगीन है। सोमवार को हुई उनकी मृत्यु से पहले, इस वर्ष 14 जनवरी को नागपुर में उनका संभवतः पहला आगमन हुआ था। वह एक सप्ताह तक अपनी अंतिम फिल्म 'फैमिली 420' की शूटिंग के लिए शहर में रुके थे, जो अब उनका अंतिम दर्शन साबित हुआ है। करीब 300 से अधिक फिल्मों में अपने यादगार अभिनय और विशेष रूप से 'शोले' फिल्म के डायलॉग ने असरानी को फिल्म जगत में अमर कर दिया है।

**बिना मानधन के दी अंतिम फिल्म को स्वीकृति :** फिल्म 'फैमिली 420' के निर्देशक व प्रसिद्ध पंडिताइन का ढाबा के संचालक राजेश शर्मा ने बताया कि जब वे पहली बार फिल्म के सिलसिले में मुंबई में असरानी से मिले और उन्हें किरदार के बारे में बताया, तो अभिनेता ने बिना स्क्रिप्ट पढ़े और किसी भी फीस की मांग किए बिना ही रोल के लिए तुरंत हामी भर दी। राजेश शर्मा ने बताया कि फिल्म में असरानी का किरदार 'अंग्रेजों के ज़माने के पंडित' का था। यह सुनते ही उन्होंने कहा था, "आप मेरे 50 साल पुराने 'शोले' पिक्चर के सुपर हिट रोल को आगे बढ़ा रहे हैं। मैं बिल्कुल यह रोल करूंगा।"

**नागपुर की सादगी और सौंदर्य के हुए कायल :** राजेश शर्मा ने बताया कि एयरपोर्ट से निकलते ही असरानी शहर को देखकर बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बारे में भी जानकारी ली। शहर के समीप रामटेक, झिलपी, बाजारगांव, कोढाली और सुराबर्डी जैसे शूटिंग लोकेशंस से वे काफी प्रभावित हुए थे। निर्देशक ने बताया कि 83 वर्ष की उम्र में भी असरानी में 30 वर्ष के युवक जैसी ऊर्जा थी। उनका आखिरी डांस भी यादगार रहेगा। यह फिल्म हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं में बनी है और असरानी दोनों में ही मुख्य भूमिका में हैं। यह शायद मराठी फिल्म में अभिनय का उनका पहला अवसर था।



**सेट पर भर देते थे उत्साह :** राजेश शर्मा ने बताया कि असरानी अपने अनुभव को किरदार में पूरी तरह से झोंक देते थे, साथ ही जूनियर कलाकारों को भी अभिनय में मदद करते थे। सेट पर सभी के साथ उनका मेल-मिलाप और उनकी ऊर्जा सभी में उत्साह भर देती थी। फिल्म के रिलीज पर नागपुर आने का उनका वादा भले ही वे पूरा न कर पाए हों, लेकिन उनका 'रिटायरमेंट के बाद अंग्रेजों के जमाने का पंडित' का किरदार बरसों तक लोगों के ज़हन में अमर रहेगा।




CMYK

# एक ही रात में तीन दुकानों में सेंध

### > रात्रिकालीन पुलिस गश्त पर उठे सवाल

**सावनेर.**

शहर के बीचों-बीच बाजार चौक स्थित गोल बाजार क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में तीन दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से रात्रिकालीन पुलिस गश्त पर एक बार फिर सवालिया निशान लग गया है।

पिछले दो महीनों में भी चोरी की कई वारदातें सामने आई हैं। रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित एक किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने सामान व नकदी पर हाथ साफ किया था, परंतु अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इससे पहले पाम कोर्ट लॉन के सामने एक घर का दरवाजा तोड़कर नगदी और सोने के जेवरात चुराए गए थे, लेकिन वह आरोपी भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े।

लाखों खर्च कर लगाए सीसीटीवी, पर फायदा शून्य?

सावनेर शहर में लाखों रुपये खर्च कर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उद्घाटन समारोह में महसूल मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने कैमरों के फायदे गिनाते हुए अपराधियों पर अंकुश की बात कही थी। परंतु चोरी की घटनाएँ बढ़ने और आरोपी हाथ न लगने से नागरिकों में नाराजगी पनप रही है। लोगों का कहना है कि कैमरे लगाने के बावजूद अगर चोर नहीं पकड़े जाते, तो यह व्यवस्था "पैसों की बर्बादी" साबित हो रही है।

नागरिकों में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि जिले में अपराध रोकने के बजाय "खबरों पर नियंत्रण" किया जा रहा है। कई वारदातें सामने नहीं आतीं और न ही अखबारों में प्रकाशित होती हैं, जिससे लोगों का विश्वास और कमज़ोर होता जा रहा है।

#### पुलिस बल में बढ़ोत्तरी की मांग

सावनेर शहर में ट्रैफिक पुलिस की आवश्यकता कम से कम 8 से 10 जवानों की है, लेकिन यहाँ सिर्फ दो ट्रैफिक कर्मी तैनात हैं। वहीं नेताओं की सुरक्षा में पुलिस बल की भारी मौजूदगी देख नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए है या नेताओं की?

इन सभी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय नागरिकों ने पुलिस गश्त बढ़ाने तथा अपराध की प्रभावी जाँच हेतु पुलिस बल में वृद्धि की मांग की है। नागरिकों का मानना है कि यदि हालात नहीं सुधरे तो शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे "सफेद हाथी" साबित होंगे।




# तेजस ने दीपावली पर बांटे वृद्धों को वस्त्र व बच्चों को टीशर्ट, मिठाई

**कामठी.**



तेजस बहुउद्देशीय संस्था ने अपनी 8 वर्षों की सेवा परंपरा को जारी रखते हुए, इस वर्ष भी दीपावली का पर्व निर्धन, बेसहारा और गरीब लोगों के साथ मनाया। संस्था ने 20 अक्टूबर को कुंभारे कॉलोनी, कादर झंडा मस्जिद के पीछे जयभीम चौक, छोटी, अजनी, कन्हान और सत्रापुर जैसे क्षेत्रों में अन्न और किराना सामग्री के साथ-साथ कपड़े और मिठाई का वितरण कर लोगों के मुरझाए चेहरों पर खुशियां बिखेर दीं। संस्था ने दीपावली के अवसर पर विशेष रूप से वृद्ध महिलाओं को साड़ी, वृद्ध पुरुषों को पैंट शर्ट और बच्चों को टीशर्ट के साथ मिठाई भी वितरित की। संस्था पिछले 8 वर्षों से लगातार यह सेवा कार्य कर रही है, जिसमें हर माह दिव्यांगों और बेसहारा लोगों को 10 किलो चावल, 10 किलो गेहूँ और किराना सामान प्रदान किया जाता है। इस नेक कार्य के लिए संस्था को दान देने वाले दानवीरों में कामठी कैंट के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र भूटानी, नागपुर के विदर्भ वादी नेता सी ए सुनील चोखारे, सी ए शिल्पी टिबड़ीवाल, तिवारी गैस एजेंसी के संचालक बबलु तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र उर्फ मोंटू भुटानी, राजू अग्रवाल जी डी, महाराष्ट्र कपड़ा केंद्र कामठी के मनोज बतरा, डॉ नयना दुफारे, समाजसेविका रजनी पिल्ले मॅडम और राजस्थान झालावाड़ पुलिस के हवलदार पदम वर्मा शामिल हैं। दीपावली पर्व पर अन्न, किराना, मिठाई, कपड़े और साड़ी का वितरण संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, मार्गदर्शक एम ए जब्बार, सदस्य अर्जुन उपासे, रोशन क्षीरसागर, प्रशांत खोब्रागड़े, प्रशांत मसार, दीपक तिवाडे, पत्रकार व शाहीर राजेन्द्र बावनकुड़े उपस्थित थे।

संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार ने इस मौके पर वृद्ध आश्रम बनाने में मदद करने की भी विनती की और सम्पूर्ण देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

# खापरखेड़ा पुलिस की छापेमारी

### झाड़ियों में जुए का अड्डा ध्वस्त, 6 जुआरी गिरफ्तार

**खापरखेड़ा.** झाड़ियों के बीच चल रहे जुए के अड्डे पर पुलिस की सख्त कार्रवाई में छह जुआरी रंगे हाथ पकड़े गए हैं। खापरखेड़ा डीबी पुलिस ने 23 अक्टूबर 2025 की रात लगभग 11:30 बजे मौजा सिल्लेवाड़ा इलाके में छापेमारी की, जहां उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग अंधेरे का सहारा लेकर झाड़ियों में छिपकर 52 पत्तों पर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने पंचों की मौजूदगी में रेड डाली और मौके पर छह व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। तलाशी के दौरान इनसे नकद राशि, मोबाइल फोन और ताश के पत्ते बरामद किए गए। आरोपियों में सचिन पुरुषोत्तम शेटे (35, दहेगांव रंगारी) के पास ₹3500 नकद और 20000 मूल्य का मोबाइल, रामलखन रामभरण कश्यप (44, वार्ड नं. 4 सिल्लेवाड़ा) के पास ₹ 2,500 नकद और ₹ 15,000 का मोबाइल, स्वप्निल नीलकंठ खोब्रागडे (37, वार्ड नं. 1 चिचोली) के पास ₹ 1,500 नकद और ₹ 20,000 का मोबाइल, कांताराम रामकुमार कश्यप (45, वार्ड नं. 4 सिल्लेवाड़ा) के पास ₹ 1,250 नकद और ₹ 15000 का मोबाइल, सलमान गनीखा पठान (33, वार्ड नं. 2 खापरखेड़ा) के पास ₹1,050 नकद और ₹ 10,000 का मोबाइल तथा इर्शाद इक़बाल ख़ान (25 वार्ड नं. 4 चिचोली) के पास ₹1,350 नकद और ₹20,000 का मोबाइल बरामद हुआ। कुल मिलाकर पुलिस ने ₹11,150 नकद और नौ मोबाइल फोन, जिनकी कीमत ₹1,35,000 आंकी गई, जब्त किए, जिससे कुल मूल्य ₹1,46150 का माल पंचनामा तैयार कर कब्जे में लिया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र जुआ प्रतिबंध अधिनियम की धारा 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य अवैध जुआरियों में हड़कंप मच गया है।

# क्रांतिवीर बाबूराव पुलेश्वर शेडमाके को श्रद्धांजलि अर्पित

**कन्हान.**

बिरसा मुंडा गोंडवाना संघर्ष समिति, कन्हान द्वारा क्रांतिवीर वीर बाबूराव पुलेश्वर शेडमाके के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मंगलवार (21 अक्टूबर) को क्रांतिवीर वीर बाबूराव पुलेश्वर शेडमाके के बलिदान दिवस के निमित्त एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानव विकास सेवा बहुउद्देशीय संस्था के अध्यक्ष शंकर इनवाते ने की। प्रमुख अतिथि नगरसेविका राखीताई परते, प्रवीण गोडे और अभिजित चांदुरकर थे।

अतिथियों के हाथों वीर बाबूराव पुलेश्वर शेडमाके की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और 'जय सेवा, जय गोंडवाना' के जयघोष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व नगरसेविका राखी परते और मानव विकास सेवा बहुउद्देशीय संस्था के अध्यक्ष शंकर इनवाते ने वीर बाबूराव पुलेश्वर शेडमाके के जीवन चरित्र पर उपस्थित लोगों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी नागरिकों ने वीर बाबूराव पुलेश्वर शेडमाके की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम का सूत्र संचालन संदीप परते ने किया और राहुल टेकाम ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान नवल धुर्वे, विकास धुर्वे, राजू खंडाते, ब्रिजलाल टेकाम, नितिन उईके, रविंद्र इनवाते, वसंतराव धुर्वे, रविंद्र वरखडे, शुभम उईके, नितेश लांजेवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# हुडकेश्वर में हुई चेन स्नेचिंग की गुत्थी सुलझी, शातिर आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

हुडकेश्वर थाना क्षेत्र में हुई चैन स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच के चेन स्नेचिंग विरोधी पथक ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सोने का लॉकेट, बाइक और मोबाइल भी बरामद किया है। मां के इलाज के लिए पैसों की जरूरत के चलते ही युवक ने इस वारदात को अंजाम दिया था। यह घटना 22 अक्टूबर की सुबह करीब 6:45 बजे मानेवाड़ा स्थित उदयनगर चौक के पास शुभलक्ष्मी मंगल कार्यालय के सामने यह घटना हुई थी। अज्ञात व्यक्ति ने एक महिला की गले से करीब 4 ग्राम का सोने का लॉकेट झपट लिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शाम तक जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 21 वर्षीय संजय गांधी नगर निवासी हर्षल धनराज चौधरी के रूप में हुई है। दरअसल इस घटना के समय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी दिखाई दिया था और इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी के पास से सोने का चैन, अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक और एक मोबाइल फोन सहित ₹1,14,000/ रुपए का माल बरामद किया गया है। आरोपी से पूछताछ में उसने अपराध करना स्वीकार किया। उसने पुलिस को बताया कि उसकी मां की तबीयत खराब थी और उसके इलाज के लिए उसे पैसों की जरूरत थी जिसके चलते ही उसने यह आसान रास्ता चुना और रास्ते में अकेली जा रही महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गया था। हालांकि उसका इससे पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। वह प्लॉट खरीदी बिक्री का काम करता है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को माल सहित आगे की कार्रवाई के लिए हुड़केश्वर पुलिस के हवाले किया है.

## मौदा थाना क्षेत्र के भूगांव-वडोदा मार्ग पर भीषण दुर्घटना

### एक युवक की मौके पर ही मौत

**नागपुर.**

मौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूगांव वडोदा रोड पर एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की बाइक के दसूरी मोटरसाइकिल से टकराने के चलते यह हादसा हुआ।

मृतक की पहचान कामठी मेन रोड, गुरुनानक चौक निवासी पंकज सुरेश चावला के रूप में हुई है। पंकज मार्केटिंग का काम करता था। कल वह वसूली के लिए अपनी एक्टिवा से जा रहा था।

इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से टकरा गई। पंकज के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने पंकज के शव को घटनास्थल से पोस्टमार्टम के लिए मौदा के उपजिला अस्पताल भेज दिया। दिवाली के मौके पर पंकज की आकस्मिक मृत्यु पर पूरा कामठी शहर शोक व्यक्त कर रहा है।

# अनुराग भोयर का प्रदेश युवक कांग्रेस विदर्भ प्रभारी बनने पर अभिनंदन



**कामठी.**

प्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव, अनुराग सुरेश भोयर को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश युवक कांग्रेस के विदर्भ क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी इस नई नियुक्ति पर मित्रगणों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अनुराग भोयर की नियुक्ति को विदर्भ में युवक कॉंग्रेस को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर, विशेष रूप से पंचायत समिति पूर्व सदस्य सुमेध रंगारी, येरखेडा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश बनसिंगे, सचिन भोयर, पूर्व सदस्य नितीन इरपाते, प्रवीण भायदे, सचिन भस्मे, अतुल सलाम, सोनू सहारे, निखिल माने, सुनील लखकवार, संदीप सुखदेवे और अन्य सभी मित्र मंडली उपस्थित रहे। सभी ने अनुराग भोयर को उनके उज्जवल भविष्य और इस नई पारी की सफल शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी।

पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अनुराग भोयर के नेतृत्व में विदर्भ में युवक कॉंग्रेस का काम और तेज़ी से आगे बढ़ेगा।

# हर्षोल्लास से मनी भाईदूज

### रणाला सरपंच पंकज साबरे ने बहनों संग की पूजा



**नागपुर.**

पूरे शहर में भाई दूज का पावन पर्व गुरुवार को अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर, भाई-बहनों के अटूट प्रेम और विश्वास का यह त्योहार नागपुर की गलियों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक धूम-धाम से दिखा। इसी कड़ी में, कामठी तालुका के रणाला ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने भी अपनी दोनों बहनों के साथ भाई दूज का विधिवत पूजन कर त्योहार मनाया। सरपंच पंकज साबरे की बहनें, जो कि सार्वजनिक जीवन से जुड़ी हुई हैं, उनमें भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष वैशाली रमेश चोपड़े एवं महानगर पालिका की पूर्व नगरसेविका सौ. परिणीता परिणय फुके शामिल थीं। सरपंच पंकज साबरे ने अपनी दोनों बहनों के साथ तिलक करवाया और उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान, भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता और महत्ता का संदेश देने वाला यह दृश्य लोगों के लिए प्रेरणास्पद रहा। पूजन के उपरांत, तीनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और लंबी उम्र तथा सुख-समृद्धि की कामना की। भाई दूज का यह विशेष आयोजन नागपुर की सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों के बीच भी त्योहार की खुशियों को दर्शाता है।

# तेंदुए के हमले में गर्भवती गाय की मौत

### > वलनी में तड़के की घटना, बैलजोड़ी बाल-बाल बची

### > ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

**खापरखेड़ा.**

कन्हान नदी के तट पर बसे वलनी गांव में तड़के एक तेंदुएं ने बाड़े में घुसकर एक गर्भवती जर्सी गाय पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना 23 अक्टूबर, गुरुवार की सुबह की बताई जा रही है। हालांकि, उसी बाड़े में बंधी बैलजोड़ी ने शोर मचाया, जिसके चलते तेंदुआ वहां से भाग निकला और उनकी जान बच गई। यह बाड़ा पूर्व सरपंच अरविंद गजभिये के घर से सटे खेत में था, जहां नंदकिशोर गजभिये की गाय और बैलजोड़ी बंधी थी। गाय की मौत से नंदकिशोर को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उनकी आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर होने के कारण अब वे मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। बाद में वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा किया। खेत में मिले पैरों के निशानों से यह स्पष्ट हुआ कि हमलावर तेंदुआ ही था। वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।





#### तेंदुएं का आतंक जारी, लेकिन वन विभाग पर लापरवाही के आरोप

पिछले कुछ दिनों से वाकी, वलनी, रोहना, सिल्लेवाडा, शिंगोरी, भानेगाव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुएं की सक्रियता काफी बढ़ गई है। हाल ही में कन्हान नदी पर पारशिवनी पुल की पाइपलाइन और वाकी रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र में भी तेंदुएं को देखा गया था। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद वन विभाग अब तक तेंदुएं को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल गहराता जा रहा है और वन विभाग की निष्क्रियता के खिलाफ तीव्र रोष व्याप्त है।

# थ्रेशर मशीन में फंसी 15 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से घायल

### मडासावंगी में सोयाबीन की फसल निकालते समय हादसा; नागपुर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

**सावनेर.**

सावनेर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के मडासावंगी गांव में सोयाबीन थ्रेसिंग के दौरान गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। थ्रेशर मशीन में फंसकर 15 वर्षीय दीक्षा संतलाल मडावी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास घटी।

ग्रामीणों ने तुरंत सामाजिक कार्यकर्ता हितेश बनसोड़ को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस दिवस अधिकारी राय मेजर के साथ मौके पर पहुंचकर घायल लड़की को थ्रेसर मशीन से बाहर निकलवाया और उसे तुरंत सावनेर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे नागपुर रेफर कर दिया।





हितज्योति आधार फाउंडेशन की टीम द्वारा दीक्षा को नागपुर के ट्रॉमा मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति अभी भी नाजुक बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काम के दौरान दीक्षा जब मशीन में सोयाबीन डाल रही थी, तभी उसकी चुन्नी थ्रेशर में फंस गई। कपड़ा मशीन में खिंचने से वह सिर तक मशीन में जा फंसी और गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार, दीक्षा के पिता हत्या के एक मामले में जेल में हैं जबकि उसकी मां भिक्षावृत्ति कर नागपुर में इधर-उधर भटकती रहती हैं। बाल्यावस्था से ही 70 वर्षीय कांताबाई लालचंद चिचखेड़े उसका पालन-पोषण कर रही हैं।

सावनेर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# दिवाली की रात चिचोली में विवाद: वृद्ध पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर घायल

**खापरखेडा.** दिवाली जैसे हर्षोल्लास के पर्व पर चिचोली में सोमवार रात एक खौफनाक घटना सामने आई। फटाखे फोड़ने को लेकर हुए विवाद में 75 वर्षीय धनराज शामराव गणवीर (वार्ड नंबर-1) पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। यह घटना रात लगभग 9 बजे की बताई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, धनराज गणवीर विवाद को शांत कराने पहुंचे थे, तभी आरोपी ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। इस झगड़े के दौरान साहिल गजभिये और बिट्टू गजभिये के साथ भी मारपीट होने की जानकारी सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही खापरखेडा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। धनराज गणवीर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हमले के बाद चिचोली में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है और कुछ युवक हथियारों का खुलेआम इस्तेमाल कर लोगों को धमका रहे हैं। लोग चिंतित हैं कि इस माहौल में बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं।

निवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि इलाके में शांति और सुरक्षा की भावना फिर से स्थापित की जा सके।

# श्री श्री मां काली मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

### > डॉ. रतन रॉय के मार्गदर्शन में हुआ सफल आयोजन

**कामठी.**

काली पूजा के शुभ अवसर पर बंगाली वेलफेयर एंड कल्चरल एसोसिएशन के तत्वावधान में बंगाली कॉलोनी, संजय नगर स्थित श्री श्री मां काली मंदिर परिसर में एक विशाल निशुल्क मेडिकल चेकअप शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में ओम साईं मित्र मंडल ने सक्रिय सहयोग दिया। यह स्वास्थ्य जांच शिविर रॉय हॉस्पिटल के सौजन्य से आयोजित किया गया था। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. रतन रॉय के कुशल मार्गदर्शन में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। डॉ. रोहन रॉय और डॉ. नारायणी रोहन रॉय, रोहित रॉय सहित अन्य चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में आए मरीजों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाइयां उपलब्ध कराईं। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल की जांच समेत कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क किये गए। सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया और अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर डॉक्टरों से राय ली। शिविर को सफल बनाने के लिए कमेटी के सदस्यों ने अथक परिश्रम किया। श्याम बाला, प्रमोद वर्नम, प्रदीप रॉय, विनोद बाला, जीत दत्ता, चंदन वर्णम,सुशील उपाध्याय, रितेश पाल, सोनू कोराम, अमित बाला, नीलेश पाली, रोहित कुंडू, सौरभ साहा, ललित कोराम, मोनू पिल्ले, संदीप चक्रवर्ती, राधेश्याम भगत आदि ने व्यवस्थाओं को संभाला और सुनिश्चित किया कि सभी मरीज सुगमता से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।





# त्यौहारी फटाकों के बाद फूटेगा 'राजनीतिक बम'!: रवि येनोरकर

**हिंगनघाट.**




दीपावली की आतिशबाज़ी का शोर अभी थमा भी नहीं कि हिंगनघाट शहर में अब राजनीतिक पटाखों की गूंज सुनाई देने लगी है। नगर परिषद के चुनाव की आचारसंहिता कभी भी लागू हो सकती है — और इस बार नगराध्यक्ष का पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने से राजनीति में नई हलचल मच गई है। गलियों से लेकर चाय की टपरी तक एक ही सवाल गूंजतो है — "कौन बनेगा हिंगनघाट का नगराध्यक्ष?"

भारतीय जनता पार्टी में इस पद के लिए महिला दावेदारों की लंबी कतार दिख रही है। सबसे प्रमुख नाम माजी नगरसेविका एवं बांधकाम सभापति छाया सातपुते का है। संघ की कार्यशैली और अनुशासन से परिचित सातपुते भाजपा की मजबूत महिला चेहरों में गिनी जाती हैं। इसके अलावा आशिष पर्बत की पत्नी रश्मी पर्बत का नाम भी तेजी से उभर रहा है। आशिष पर्बत पार्टी टिकट के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं। शिक्षा क्षेत्र के जाने-माने नाम डॉं उमेश तुलसकर की पत्नी डॉं नयना तुलसकर का नाम भी भाजपा गुट में चर्चा में है। विद्याविकास संस्थान के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए तुलसकर परिवार का नाम समाजसेवा से जुड़ा हुआ माना जाता है। माजी नगराध्यक्ष निलेश ठोंबरे भी अपनी पत्नी सारीका ठोंबरे के लिए टिकट की दौड़ में हैं, लेकिन उनके हालिया बिजेपी प्रवेश और अन्य समीकरणों के कारण उनका दावा कितना मजबूत बनेगा यह देखना होगा वक्त पे अपक्ष उमेदवारी कि तयारी कि तस्विर भी देखने मिली सकती

सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व बीजेपी के सदस्य सुनील डोंगरे अपने पत्नी शुभांगी डोंगरे को चुनावी मैदान उतारने को तयार है. विधानसभा चुनाव में मनमुटाव के रहते

दोनो पती-पत्नी बीजेपी को छोड राष्ट्रवादी को अपना समर्थन दिया था लेकिन अभी तक राष्ट्रवादी मे अधिकृत प्रवेश हुवा नही है इसलिये संभावना मे लटके हुए दिख रहै ..

दूसरी ओर, महाविकास आघाड़ी ने भी अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है हाली ही मे सांसद अमर काले ने महाविकास आघाडी कि चुनावी बैढक हिंगणघाट में आयोजीत करते हूऐ चुनाव का बिगुल बजाया है कांग्रेस के माजी नगराध्यक्ष पंढरी कापसे अपनी पत्नी रजनी कापसे के लिए टिकट मांग रहे हैं इस के पहिले नगराध्यक्ष के सीदे चुनाव मे पंढरी कापसे दुसरे नंबर के प्रत्याक्षी रहे है.

राष्ट्रवादी शरद पवार पार्टी ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं, जबकि शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) गुट के स्वतंत्र रूप से लड़ने की संभावना है। अगर आघाड़ी एकजुट रही, तो नीता धोबे महाविकास आघाड़ी की प्रमुख उम्मीदवार बनकर मैदान में उतर सकती हैं। महा-युती की तस्वीर भी अभी साफ नहीं है। भाजपा, अजित पवार गुट और शिंदे शिवसेना साथ आएंगे या नहीं — यह सबसे बड़ा सवाल है।

डॉं सुरभि निर्मेश कोठारी (पूर्व नगराध्यक्ष सुधीर कोठारी की बहू) का नाम भी चर्चा में है वहीं राष्ट्रवादी अजित पवार पार्टी के बाला मानकर ने भी अपनी पत्नी भारती मानकर के लिए टिकट की मांग की है। इस बार बहुजन समाज से भी नेतृत्व की आवाज़ बुलंद हो रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस चुनाव में जातीय समीकरण, महिला नेतृत्व और गुटबाजी का गणित अहम भूमिका निभाएगा।

उसके साथ मजबूत आर्थिक स्थिती भी अहम भूमिका चुनाव मैदान को मजबूत करने वाली होगी अब सबकी निगाहें एक ही सवाल पर टिकी हैं क्या यह चुनाव महाविकास आघाड़ी बनाम महायुती होगा या फिर हर दल अपने झंडे तले मैदान में उतरेगा? इसका जवाब आने वाले कुछ दिनों में सामने आ जाएगा।

# किसानों की दिवाली बनी 'काली दिवाली'!

> ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर

> अतिवृष्टि, फसल रोग और गिरते बाजारभाव से टूटी किसानों की कमर

**हिंगनघाट.**



इस साल की दिवाली किसानों के लिए खुशियों की नहीं, बल्कि 'काली दिवाली' साबित हुई है। लगातार हुई अतिवृष्टि, फसलों पर रोग का प्रकोप और बाजार में गिरे दामों ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

सोयाबीन, कपास और अरहर जैसी प्रमुख फसलें बारिश और बीमारियों से पूरी तरह बर्बाद हो गईं। मेहनत के बावजूद किसानों के हाथ खाली रह गए।

गांवों में अब मायूसी और हताशा का माहौल है। दिवाली जैसे पर्व पर भी उनके घरों में न रोशनी है, न उल्लास।

किसानों के अनुसार, इस बार त्योहार की जगह चिंता ने घर कर लिया है। हाथ में फसल नहीं, और जो थोड़ी बहुत उपज मिली, उसे भी बाजार में उचित मूल्य नहीं मिला।

कई किसानों ने अपनी दिवाली कर्ज चुकाने और घर खर्च चलाने में ही निकाल दी। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि आमदनी घटती जा रही है। इन हालातों में किसान दिवाली की खरीदारी के लिए बाजारों में दिखाई नहीं दिए।

ग्रामीण इलाकों से खरीदी घटने का सीधा असर शहरों के बाजारों पर भी पड़ा है दुकानें सूनी पड़ी हैं और बिक्री में भारी गिरावट दर्ज की गई है। एक किसान ने दुख भरे शब्दों में कहा "इस बार दिवाली का उजाला हमारे घरों तक नहीं पहुँचा। खेत सूने हैं, जेब खाली है त्योहार कैसे मनाएं?"

इन परिस्थितियों ने न केवल किसानों की कमर तोड़ी है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गहरा झटका दिया है।

शहरों का व्यापार भी ठप पड़ गया है। इस साल की दिवाली किसानों के लिए प्रकाश नहीं, बल्कि अंधकार लेकर आई है

और यही दर्द अब हर गाँव में गूंज रहा है।

# बच्चू कडू और राणा दंपत्ति के बीच आरोप-प्रत्यारोप

> एक दूसरे पर जमकर चला रहे शब्दों के बाण

**अमरावती.**



जहाँ हर जगह दिवाली का जश्न ज़ोरों पर है, वहीं अमरावती ज़िले में बच्चू कडू और राणा दंपत्ति के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। बच्चू कडू ने नवनीत राणा के ठाकरे बंधुओं को लेकर दिए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आप लोग गटर में खड़े हैं। इसके बाद भी आप राज और उद्धव ठाकरे की आलोचना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उससे पहले, आपकी पत्नी भाजपा में और पति युवा स्वाभिमान पार्टी में क्यों हैं? इसका जवाब दीजिए। इसे आप कैसा स्वाभिमान कहते हैं? न सम्मान, न स्वाभिमान। कडु ने कहा कि राणा और उनकी अभिनय जोड़ी देश में कहीं नज़र नहीं आएगी।

भाजपा में पत्नी और स्वाभिमान संगठन में पति जैसी बात कहाँ होती है? उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी जब उनके संगठन में नहीं रह सकती, अगर उन्हें ही इतना संदेह है, तो हम क्या कहें? दिवाली पर भी राणा को बच्चू कडू याद आता है। उन्हें देवधर्म याद नहीं आता। उन्हें मेरी याद आती है। वहीं, रवि राणा के कडु पर दिए गए बयान पर बच्चू कडु ने कहा कि उनका दावा है कि मैं विधान परिषद के लिए आंदोलन कर रहा हूँ।

लेकिन आंदोलन करना मेरा नहीं, आपका काम है। आप सभी दलों के समर्थन से चुनाव लड़ते हैं। कभी मस्जिद जाते हैं, कभी मंदिर। कभी नमाज़ पढ़ते हैं, तो कभी भगवान रामचंद्र के नाम पर राजनीति करते हैं। लेकिन मैं मरते दम तक पानी की एक बूँद भी नहीं पिऊँगा। प्रहार के अध्यक्ष ने कहा कि हम किसी दल के समर्थन से विधायक नहीं बनेंगे, हम अपने बल पर लड़ेंगे। बच्चू कडू ने राणा दंपत्ति पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि आप दोनों ने देवेंद्र फडणवीस से कार्यक्रम मिलने के बाद बोलने लगे हैं।

तो दूसरी ओर रवि राणा ने बच्चू कडू की आलोचना का तुरंत जवाब देते हुए कहा कि बच्चू कडु एक चिल्लर आदमी है। विधायक रवि राणा ने दावा किया है कि शिवसेना की बगावत के दौरान वे सिर्फ़ पैसे के लिए गुवाहाटी गए थे। बच्चू कडू ने अब तक जो भी आंदोलन किए हैं, वे सिर्फ़ पैसे के लिए किए हैं। उनका काम और धंधा विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़ा करके पैसा इकट्ठा करना है। उन्होंने कहा कि बच्चू कडू नंबर वन चिल्लर आदमी हैं, उस चिल्लर आदमी को ज़्यादा शोर नहीं मचाना चाहिए। रवि राणा के इस बयान से अमरावती का राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

# श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव 24 से 30 अक्तूबर तक

> श्री सुरेशशरण शास्त्री महाराज करेंगे कथा वाचन; 24 अक्टूबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**हिंगनघाट.**



नगर के बीसीसी ग्राउंड के समीप स्थित श्री हनुमान मंदिर, नगरपरिषद कॉलोनी परिसर में 24 से 30 अक्टूबर तक सात दिवसीय "श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध भागवताचार्य श्री सुरेशशरण शास्त्री महाराज अपनी मधुर वाणी और ज्ञानमयी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा के अमृत रस में सराबोर करेंगे।

कथा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार, 24 अक्टूबर को होगा। सुबह मुख्य मार्ग स्थित बालाजी मंदिर से भागवत कथा की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल श्री हनुमान मंदिर (नगरपरिषद कॉलोनी) पहुंचेगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन, भजन मंडलियां और झांकी दल शामिल रहेंगे। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा वाचन का आयोजन किया जाएगा। नगरपरिषद कॉलोनी के रहिवासी एवं शहर के श्रद्धालु भक्तजन इस आध्यात्मिक महोत्सव की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

आयोजन की व्यवस्था श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव समिति द्वारा की जा रही है। समिति के स्वागत्याध्यक्ष माखनलाल अग्रवाल, राजाभाऊ मैडमवार, संयोजक डॉ. आदर्श गुजर, अध्यक्ष वासुदेव त्रिवेदी, उपाध्यक्ष एड. हरिभाई पटेल, मनोज चंदाराणा, सचिव प्रविण पटेलिया, सहसचिव प्रदीप जोशी, विशाल ब्राह्मणकर, मंच संचालक डॉ. गोविंद त्रिवेदी, ब्रजमोहन करवा सहित सभी पदाधिकारी आयोजन को सफल बनाने में दिन-रात कार्यरत हैं।

समिति की ओर से सभी श्रद्धालु भक्तों—पुरुषों व महिलाओं—से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर कथा का लाभ लेने की विनम्र अपील की गई है।

# तिवसा में पुलिस का नागरिकों पर लाठीचार्ज

> ठीक से नहीं हो पाया पारंपरिक गाय-भैंस के खेल

**अमरावती.**



तिवसा शहर में पुराने ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने कई वर्षों से मकाजी बुवा की मूर्ति स्थापित है। यहाँ दिवाली के अवसर पर गाय भैंस का पारंपरिक खेल खेला जाता है। हालाँकि, इस वर्ष पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के कारण यह खेल स्थगित कर दिया गया है। पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज से आक्रोशित नागरिकों ने पटाखे फोड़कर और पुलिस वाहन पर पथराव करके अपना गुस्सा जाहिर किया।

शहर के पशुपालक शहर के मुख्य बाज़ार और पुराने ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने बरगद के पेड़ के नीचे मकाजी बुवा की पूजा करके, अपनी गायों-भैंसों को हाँककर और उन्हें खेलवाकर दिवाली मनाते हैं। दोपहर के समय में यह पारंपरिक खेल खेला जाता है। हालाँकि, इस साल यहाँ अतिरिक्त पुलिस बल की मौजूदगी और नागरिकों पर लाठीचार्ज के कारण कानून-व्यवस्था की समस्याएँ पैदा हो गईं। पुलिस की गाड़ियों पर पटाखे फोड़े गए। शराब की बोतलें और पत्थर फेंके गए। इस दौरान नागरिकों का जमकर गुस्सा फूटा।

# लम्पी रोग से आठ गायों की मौत

> बार्शीटाकली के जनुना की घटना, पशुपालकों में भय

**अकोला.**



अकोला जिले की बार्शीटाकली तहसील के जनुना पुनर्वसन के एक पशुपालक की आठ गायों की लम्पी रोग के कारण मौत हो हो गई। पिछले 15 दिनों से चल रही इस महामारी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। भीमराव खंडारे नामक पशुपालक की आठ गायों की इस गंभीर महामारी के कारण मौत हो गई है। भीमराव खंडारे के पास 160 गायें और मवेशी हैं और वे कई वर्षों से पशुपालन कर रहे हैं। अकोला जिले और अन्य जिलों में भी वे अपने मवेशियों को झुंड में चराने ले जाते हैं। वर्तमान में, चारा उपलब्ध होने के कारण, ये सभी गायें और मवेशी जनुना में हैं। पशुपालक खंडारे ने बताया कि इनमें से आठ गायों की लम्पी जैसी महामारी के कारण मौत हो गई है और कई गायों की हालत गंभीर है।

# पटाखा जलाने को लेकर हुआ विवाद

> आरोपियों ने पेचकस से गोदकर की युवक की हत्या



**बुलढाणा.**

बुलढाणा शहर के अयोध्या नगर में पटाखे फेंकने पर तीन लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। उनमें से एक ने उसके माथे पर स्क्रूड्राइवर मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना 21 अक्टूबर रात करीब 8:30 बजे हुई। विनय हीरामन हिसल की पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने उसके भाई अमोल हिसल पर खड़े होकर पटाखे फेंके। इसी बात पर बहस हुई। आरोपी योगेश रामदास ताड़े (22) ने अमोल का सिर पकड़कर सोनाजी ताड़े के घर के सामने जमीन पर पटक दिया। शुभम रमेश ताड़े (27) और ज्ञानेश्वर पंडित कोथलकर (27) ने अमोल को लात-घूंसों से पीटा। बाद में ज्ञानेश्वर कोथलकर ने अपनी जेब से स्क्रूड्राइवर निकालकर अमोल के माथे पर मार दिया।

इसमें अमोल की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में तीनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस सब-इंस्पेक्टर नारायण सरकटे जांच कर रहे हैं।

# कृष्णगिरि परिवार ने मातोश्री वृद्धाश्रम में बुजुर्ग माता-पिता के साथ मनाई दिवाली

**वर्धा.**



खुशी, प्रेम और कृतज्ञता के त्योहार दिवाली को साकार करते हुए इस वर्ष मातोश्री वृद्धाश्रम में दिवाली मनाई गई।

20 अक्टूबर को, प्रसिद्ध व्यवसायी और समाजसेवी महेश गुल्हाने के कृष्णगिरि परिवार ने अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ दिवाली मनाई। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में रहने वालों को नए कपड़े दिए गए और बुजुर्गों के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा करने के लिए मीठे भोजन का आयोजन किया गया। कृष्णगिरि परिवार द्वारा यह सामाजिक पहल पिछले 20-21 वर्षों से निरंतर चलाई जा रही है और इस वर्ष गुल्हाने के बच्चों सहित अगली पीढ़ी ने भी इस कार्य में भाग लिया और बुजुर्ग दादा-दादी का आशीर्वाद लिया।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृष्णगिरि परिवार के सदस्य, महिलाएँ और बच्चे शामिल हुए। वृद्धाश्रम में दादा-दादी की आँखों में खुशी के आँसू थे और सभी के दिलों में संतुष्टि का भाव था। सामाजिक जागरूकता, पारिवारिक एकता और सेवा का संदेश देने वाली इस पहल ने उपस्थित सभी लोगों के दिलों को छू लिया। "वृद्ध माता-पिता हमारे भगवान हैं" - महेश गुल्हाने इस अवसर पर महेश गुल्हाने ने कहा, "माता-पिता हमारे भगवान हैं। उन्हें वृद्धाश्रम भेजने के बजाय, हमें उनकी सेवा को आनंद समझना चाहिए। पिछले 20 वर्षों में वृद्धाश्रमों में रहने वालों की संख्या 100 से घटकर 18 रह गई है; हमारी यही कामना है कि यह संख्या जल्द ही शून्य हो जाए।" उन्होंने आगे कहा, "यह दिवाली किसानों के लिए कठिन है। भारी बारिश के कारण किसान संकट में हैं। ईश्वर उन्हें जल्द ही इस संकट से मुक्ति दिलाएँ, यही हमारी प्रार्थना है, "ऐसी भावना महेश गुल्हाने ने व्यक्त कि. इस समय महेश गुल्हाने, अनिल गुल्हाने, प्रमोद श्रीराव, राहुल शर्मा,योगेश गावंडे, संदीप चिचाटे, अनिल नरेडी, आशीष आकरे, किशोर सुरकार, दीपक मांडोकर, गजानन वांढरे एवं कृष्णागिरी परिवार के अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे.

# हिंगनघाट में जरूरतमंदों के बीच मिठाई बांटकर मनाई गई सेवा-दीपावली



**हिंगनघाट.**

दीपों के इस पर्व पर जब चारों ओर रोशनी और खुशियों की चमक थी, तब हिंगनघाट में नारायण सेवा मित्र परिवार और मायेची फुंकार संस्था ने जरूरतमंदों के बीच मिठाई, नमकीन, बिस्किट और चॉकलेट से भरी किटें बांटकर दीपावली को सच्चे अर्थों में "सेवा पर्व" बना दिय जलाराम मंदिर परिसर में आयोजित इस "दीपोत्सव" कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों ने न केवल भौतिक उपहार दिए, बल्कि प्रेम, अपनापन और सामाजिक संवेदना का सुंदर संदेश भी फैलाया। जैसे ही बच्चों ने मिठाई की किटें हाथों में लीं, उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह झलक उठा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजयजी खोबरागड़े, विजयजी गुप्ता, लालचंदजी भूतड़ा, ज्योत्सना बावने, मायेची फुंकार की अध्यक्ष दीपाली कांबले, तथा लक्ष्मीजी गुप्ता उपस्थित थीं। सभी ने अपने हाथों से वितरण कर उपस्थित लोगों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

नारायण सेवा मित्र परिवार की इस सेवा भावना से समाज में प्रेरणा का संचार हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह, समर्पण और प्रेम के साथ इस आयोजन को सफल बनाया, जिससे दीपावली का यह पर्व एक बार फिर "प्रकाश से अधिक, करुणा का उत्सव" बन गया।

# जलगांव जामोद तहसील के सुनगांव में 24 वर्षीय युवक गोराडा बांध में डूबा

**बुलढाणा.**

बुलढाणा की जलगांव जामोद तहसील के सुनगांव ग्राम पंचायत क्षेत्र के गोराला बांध में तैरते समय एक 24 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। जलगांव जामोद के निभोरा बुद्रुक निवासी 24 वर्षीय कैलास खंडारे अपने दोस्तों के साथ गोराला बांध में तैरने गया था। सभी दोस्त गोराडा बांध क्षेत्र में पहुँचे और कैलास तैरने के लिए गोराला बांध में गहराई में चला गया। उसके दोस्त तैर नहीं सकते थे, इसलिए वे किनारे पर नहा रहे थे। उसके दोस्तों ने उसे डूबता देख लेकिन वह उसे बचा नहीं पाए। बताया जा रहा है कि बांध क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान अभी भी जारी है। मृतक कैलाश खंडारे दिवाली के मौके पर गाँव आया था। वह अपने माता-पिता का अकेला बच्चा था। इस घटना से निम्भोरा बुद्रुक गाँव में हड़कंप मच गया है।

# किसानों के दिल में विधायक: नाचनगांव शिवार में विधायक राजेश बकाने की भावुक मुलाकात

**नाचनगांव.**



बलीप्रतिपदा के पावन अवसर पर, विधायक राजेश बकाने ने नाचनगांव शिवार के सटवाई माता मंदिर परिसर में किसानों और खेतिहर मजदूरों से मुलाकात की और उनसे दिल खोलकर बातचीत की। इस बातचीत के दौरान विधायक बकाने ने किसानों की समस्याओं, फसल नुकसान, कृषि संबंधी मुद्दों और आगामी सीजन की योजना पर विस्तार से चर्चा की। सटवाई माता की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद, विधायक बकाने ने सटवाई माता से धरती से अपनी आजीविका चलाने वाले किसानों के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा,किसानों का पसीना सोना बने, उनकी मेहनत रंग लाए और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो - यही मेरा संकल्प है। किसानों और खेतिहर मजदूरों से बातचीत करते हुए, उन्होंने उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुना। बिजली की कमी से लेकर सिंचाई सुविधाओं और बाजार मूल्यों की अस्थिरता तक, कई मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक बकाने ने आश्वासन दिया कि वे हर मुद्दे को सरकार के स्तर पर उठाने का प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने भावुक होकर कहा, "मैं सिर्फ़ इस क्षेत्र का प्रतिनिधि नहीं, बल्कि इस धरती का बेटा हूँ। किसानों से मेरा रिश्ता राजनीतिक नहीं, बल्कि खून का है।" इस अवसर पर विधायक बकाने के साथ राहुल चोपड़ा, दिनकर ओक, जयंत ओक, प्रवीण सावरकर, भाजपा पुलगाव नगर अध्यक्ष प्रशांत इंगोले, नाचनगाव मंडल अध्यक्ष जयश्री मोकदम, अरविंद नागतोड़े, विनोद माहुरे, किशोर गव्हालकर, रोहित श्रीरामे, महेश चांदोरे, शुभांगी कासार और क्षेत्र के कई किसान भाई मौजूद थे। इस यात्रा के माध्यम से विधायक बकाने ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे सिर्फ़ एक राजनेता नहीं, बल्कि एक सच्चे जनप्रतिनिधि हैं जो हमेशा किसानों के सुख-दुख में शामिल होते हैं।

# अकोला में दिवाली पर हुई बेमौसम बारिश

> दिवाली का सामान बेचने वालों को हुआ सबसे ज़्यादा नुकसान, दो दिन और बारिश होने का अनुमान

**अकोला.**



दक्षिण-पश्चिम मानसून के खत्म होने के बाद भी, दिवाली के दौरान अकोला में बेमौसम बारिश हुई। सबसे ज़्यादा नुकसान दिवाली का सामान बेचने वालों को हुआ।

चावल समेत कई अन्य सामान बर्बाद हो गए। इस बीच, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान अनुसंधान केंद्र ने 24 अक्टूबर तक बहुत हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है।

इस साल मानसून में औसत से ज़्यादा बारिश हुई। भारी बारिश के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ है और कुछ जगहों पर ज़मीन का कटाव भी हुआ है। हालाँकि, इस साल की वापसी की बारिश ने अभी तक पिछले वर्षों की तुलना में ज़्यादा तबाही नहीं मचाई है। इस बीच, अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में बेमौसम बारिश शुरू हो गई है।

मौसम विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण मौसम बदल रहा है। इसके चलते दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूरी तरह से थम जाने के बाद भी कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है।

21 अक्टूबर को यह बात साफ़ दिखाई दी। अकोला महानगर के गांधी रोड पर बड़ी संख्या में खुदरा व्यापारियों ने दिवाली की सामग्री बेचने के लिए दुकानें लगाई थीं। इसमें जय हिंद चौक, मोठा पुल, गांधी रोड, गांधी चौक, नगर निगम और पंचायत समिति के सामने, जैन मंदिर के पास, पुराना कपड़ा बाज़ार, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ओपन एयर थिएटर परिसर, नया कपड़ा बाज़ार आदि शामिल थे। बारिश के कारण सामग्री को नुकसान पहुँचा। इस बीच, बारिश के कारण बाजार में खरीदारी करने आए नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# अर्धनारीश्वर गौशाला में गौमाता पूजा संपन्न

**सौंसर.**



अर्धनारीश्वर गौशाला परिसर में गोवर्धन एवं गौमाता पूजन का आयोजन नगर परिषद अध्यक्ष संदीप दादू घाटोडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजाराम वरठे, मंदिर संस्थान अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार शर्मा, मनोज कलंबे सहित अन्य पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोवर्धन पर्व का शुभारंभ हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर पुष्प वर्षा की। नगर परिषद अध्यक्ष संदीप दादू घाटोडे ने कहा कि गौमाता हमारे जीवन, संस्कृति और कृषि परंपरा की आधारशिला हैं। भारतीय संस्कृति में गाय को माता का स्थान प्राप्त है। नगर परिषद गौशालाओं के संरक्षण और स्वच्छता को प्राथमिकता दे रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजाराम वरठे ने कहा कि गौसेवा से समाज में करुणा, प्रेम और समरसता की भावना विकसित होती है। मोहगांव क्षेत्र में गौशाला को स्वावलंबी बनाने का प्रयास जारी है ताकि गौमाता का समुचित पालन-पोषण हो सके। पीपला नारायणवार के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को किसानों और पशुपालकों ने गोवर्धन पर्व और गौमाता पूजन मनाया। सुबह गौमाता को नहलाया गया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ।

## युवक पर हुआ जानलेवा हमला, तीन गिरफ्तार

**नागपुर.** शहर के वैशाली नगर स्थित एनआईटी चौक के पास एक चाय की दुकान पर मामूली विवाद ने सोमवार रात हिंसक रूप ले लिया। आरोपियों ने एक चाय विक्रेता पर लोहे की रॉड और लकड़ी के डंडों से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य फरार साथियों की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, पांचपावली पुलिस थाना क्षेत्र के वैशाली नगर में अभिरूप आशिष कुमार समंदर की "बैठक" नाम से चाय की दुकान है। उनकी दुकान के सामने ही प्रणय लारोकर की चाय की दुकान स्थित है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले रात करीब 8 बजे प्रणय की दुकान पर आरोपी कामरान मलिक और नबू मलिक अपने साथियों के साथ पहुंचे थे और मोबाइल चार्ज करने की बात कही थी। जब प्रणय ने चार्जिंग लगाने से इंकार किया, तो बात बढ़ गई और विवाद मारपीट में बदल गया। उसी दौरान अभिरूप ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी वहां से धमकी देते हुए चले गए। कुछ देर बाद आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ वापस लौटे और अभिरूप पर उसकी दुकान के बाहर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया।

## कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नागपुर.** पारडी के नागेश्वर नगर इलाके में 14 पहियों वाले कंटेनर की जोरदार टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान चिंटूलाल राजाराम ओंकार (50, निवासी पारडी) के रूप में हुई है। घटना सोमवार देर रात की है, जब चिंटूलाल अपने घर लौट रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मारी। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। लक्ष्मीपूजन की पूर्व संध्या पर घर के कमाऊ सदस्य की मौत से ओंकार परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटनास्थल पर मौजूद विठ्ठल बाबरे ने यह हादसा अपनी आंखों से देखा और उन्होंने ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

## दो परिवारों के बीच जानलेवा मारपीट

**नागपुर.** यशोधरा नगर थाना क्षेत्र के जोशीपुरा, मेहंदीबाग इलाके में सोमवार देर रात दो परिवारों के बीच हुई सामूहिक मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवारी पावर हाऊस के पास स्थित एक मकान में हुई। पीड़ितों को मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पहली घटना की शिकायत रजत महेश मिश्रा (27 वर्ष) ने दर्ज कराई।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 290-1 | 156-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 340-7 | 157-3 |






































